## संक्षिप्त

### भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई

**मदनगंज-किशनगढ़,**(निस)। जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की और आजाद नगर स्थित जांगिड़ भवन में भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। जांगिड़ बन्धुओ ने भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर के समक्ष पूजा अर्चना कर भावांजलि दी। साथ ही सुमधुर भजनो के अलावा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संरक्षक रामावतार जांगिड़, अध्यक्ष रामलाल भदानिया, मंत्री हीरालाल जांगिड़, आनंद जांगिड़, उपकोषाध्यक्ष भागचंद गोठडीवाल, पूर्व अध्यक्ष गोपाल गोठडीवाल, प्रहलाद रूलेठिया, द्वारकाप्रसाद भावडेल, मोहन जांगिड़, किशन जांगिड़, युवा मंडल अध्यक्ष दिनकर जांगिड़, दिनेश जांगिड़, किशन, नवल, संपत, मुकेश, मोनू श्याम, पिंटू सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु मौजूद रहे। मंत्री हीरालाल ने सभी के आभार व्यक्त किया।

### नशे के कारोबार पर हुई कार्यवाही

**सरवाड़।** सरवाड़ पुलिस मुख्यालय द्वारा अवैध मादक पदार्थ व नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा जिला अजमेर के निर्देशन में शोराजमल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केकडी व हर्षित शर्मा वृत्ताधिकारी केकडी के सुपरविजन में सरवाड थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद द्वारा अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त कर मादक पदार्थ रखने वाले व्यक्ति गुड्डु पुत्र शरीफ मौहम्मद उम्र 26 साल निवासी जुम्मा मस्जिद के पास कुम्हारो का मौहल्ला फागी पुलिस थाना फागी जिला जयपुर ग्रामीण राज. गिरफ्तार किया गया वहीं उक्त व्यक्ति के कब्जे से 0.53 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद कर जप्त कि गया वहीं उच्चाधिकारियो के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थ का कारोबार करने वालो के खिलाफ आगे भी इसी तरह कार्यवाही जारी रहेगी। इस दौरान पुलिस टीम में सरवाड़ थानाधिकारी जगदीश प्रसाद चौधरी, शुभकरण राज, किरण कमलेश व दातार सिंह शामिल रहे।

### विशाल शोभायात्रा निकली

**सरवाड़ ।** सरवाड़ शहर के जांगिड़ ब्राह्मण सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई गई वहीं समिति के अध्यक्ष मदनलाल धाराणियां के अनुसार जयंती पर विशाल शोभायात्रा मुरली मनोहर मंदिर से शोभायात्रा रवाना हुई जो सदर बाजार बस स्टैंड चमन चौराहा से होते हुए प्रमुख मार्गो होकर जांगिड़ छात्रावास पहुंचकर संपन्न हुई इस शोभायात्रा में महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थी वहीं शोभायात्रा में भगवान विश्वकर्मा की झांकी सजाई हुईं थीं बैंड बाजों के साथ नाचते-गाते हुए भगवान विश्वकर्मा जयकारें लगाते समाज के लोग चल रहे थे वहीं शोभायात्रा के बाद सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया वहीं समारोह में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया इस मौके पर समाज के लोग उपस्थित रहे।

### गौशाला का विधिवत पूजन

**मसूदा ।** सोमवार को जालिया सेकंड में पूजनीय श्री सुदर्शन लाल जी महाराज एवं गोपाल आचार्य स्वामी सरस्वती के आशीर्वाद से गौशाला का विद्यिवत पूजन एवं गौ माता मंगल प्रवेश कार्यक्रम किया गया सुबह 8:00 बजे हवन यज्ञ तथा 10:15 पर गौ माता प्रवेश मंगल प्रवेश करवाया गया इस खुशी के मौके पर ग्रामीण गौ सेवक तथा बाहर से कई मेहमान पधारे इस मौके पर स्वामी गोपालाचार्य गोपालन नंद सरस्वती जी के मुख्य शिष्य श्री ग्वाला नंद प्रधान प्रतिनिधि एवं शिखरानी सरपंच सुरेंद्र सिंह राठौड़ , दुदाराम गोदारा, डॉक्टर भूपेंद्र सिंह चौधरी,धनराज कावड़िया,सुरेंद्र सिंह भाटी,गोसेवक धर्मीचंद व्यास, गौ सेवा समिति अध्यक्ष मनमोहन सिंह राठौड़ उपाध्यक्ष पूर्व सरपंच मोहनलाल नागला, कोषाध्यक्ष माधु लाल पड़ौदा,सचिव दिनेश खेतावत,भामाशाह प्रवीण चोरड़िया, पशु सहायक योगेश हेमावत, जगदीश त्रिपाठी गौ सेवक एवं हमारे गांव के हर कार्य में सहयोग देने वाले पप्पू सारस्वत जोगी सूरत से चला कर इस कार्यक्रम के लिए आए तथा रामगढ़ से गौ सेवा के सुराणा जी एवं और उनकी टीम तथा जालिया सेकंड ग्राम की सैकड़ो आदमी महिलाएं इस पुनीत कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### शोभायात्रा का स्वागत

**भीलवाड़ा।** भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शोभा यात्रा का विधायक अशोक कोठारी के निर्देशन में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, जांगिड़ समाज के आराध्य देव भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती के उपलक्ष्य में श्री विश्वकर्मा जांगिड़ समाज विकास समिति के तत्वावधान में आज सोमवार को विश्वकर्मा मंदिर से वाहन रैली गाजे-बाजों के साथ निकली ।

# राजेश पायलट की जयंती 'किसान दिवस' के रूप में मनाई गई

**अजमेर।** अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को केसर गंज स्थित शहर कांग्रेस कार्यालय में पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की जयंती शहर अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन रखा गया। जहां वक्ताओं ने स्व: पायलट के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर

■ **'पायलट एक किसान परिवार में पैदा हुए और उन्होंने राजनीति में बहुत बड़ा मुकाम हासिल किया'**



अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर कांग्रेस कार्यालय में पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई ।

अजमेर शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विजय जैन ने स्व. राजेश पायलट की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन काल के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कि स्व: पायलट एक किसान परिवार में पैदा हुए और उन्होंने राजनीति में बहुत बड़ा मुकाम हासिल किया। वो कहा करते थे कि जब तक गरीब किसान एवं मजदूरों के बच्चे पढ़ लिख कर उन कुर्सियों पर नहीं बैठेंगे जो देश की नीतियों को क्रियान्वित करती है। तब तक देश की तरक्की संभव नहीं है। वायुसेना में अपनी सेवा देने से लेकर राजनीति के सफर तक, उनके जीवन का प्रत्येक अध्याय राष्ट्रसेवा एवं जनकल्याण के प्रति समर्पित रहा।

इनके द्वारा गरीब किसान एवं कांग्रेस के प्रति किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।वह संचार क्रांति के जनक थे। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए गरीब एवं आमजन की सेवा करनी होगी।

पुष्पांजलि कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस जनो में नसीमअख्तर इंसाफ, महेंद्र सिंह रलावता,प्रताप यादव, कमल बाकोलिया, सुनील लारा, द्रौपदी कोली, अंकुर त्यागी, अवधेश पारिक, शयाम प्रजापति,रश्मि हिंगोरानी, विपिन बेसिल, हरिसिंह गुर्जर,रेनू मेघवंशी,कैलाश कोमल, हरचंद हांकला, हितेश्वरी टॉक,चंदन सिंह, वाहिद मोहम्द, दयानंद चतुर्वेदी, सागर मीणा, शिवराज भड़ाना, राजनारायण आसोपा, हामीद चीता, सुनील धानका, ईश्वर टहल्यानी,लक्ष्मी बुंदेल, नीरज यादव, आलोक गुप्ता, नीतिन जैन, मनीष शर्मा, अंकित घारु, कपिल सारस्वत, सुरेश लद्दड, मनोज कंजर, महेंद्र कटारिया, भोमराज गुर्जर, राजेश घोडीवाल, आरिफ खान, अशोक बिंदल, हेमंत जसोरिया, राजेन्द्र वर्मा, अहमद हूसेन, राजीव कच्छावा, रमेश सोलंकी, हरिप्रसाद दीवाकर,भरत खिंची, राजेश गोरा, धर्मेंद्र देवल, एसडी मिश्रा सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद थे।

## अजमेर में सुरक्षित इंटरनेट दिवस कल

**अजमेर ।** नागरिकों के बीच इन्टरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए 11 फरवरी को सुरक्षित इंटरनेट दिवस बनाया जाएगा।

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी तेजा सिंह रावत ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सुरक्षित ऑनलाईन प्रथाओं, साईबर स्वच्छता और साईबर खतरों पर इन्टरनेट उपयोगकर्ताओं को जागरूक करना है। कभी भी कॉल्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी, आधार, पेन या बैंक विवरण साझा न करें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाईन साझा नहीं कर डिजिटल पहचान को सुरक्षित रखा जा सकता है। अनियंत्रित आधार भुगतान सूचनाओं से सतर्क रहें।

वास्तविक कूरियर सेवा? बिना बुकिंग किए पार्सल के लिए कोई शुल्क नहीं लेती है। कभी भी अज्ञात नम्बरों से आने वाले लिंक पर क्लिक न करें। जो केवाईसी अपडेट के बहाने आपकी संवदेनशील जानकारी साझा करने के लिए निवेदन करें।

उन्होंने बताया कि प्रचलित परिलाभ से अधिक प्रति प्रेरित करने वाले ऑनलाईन निवेश ऑफरों से बचें। कभी भी अज्ञात नम्बरों से आने वाले कॉल्स पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी या पैसों से सम्बन्धित मांग को पूरा न करें। अपने मोबाईल पर एप की नियमित जांच करें।

अनावश्यक अनुमतियाँ रद्द करें और अनुपयोगी एप्स को हटा दें। सतर्क रहें - कभी भी भुगतान प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन या ओटीपी एवं पिन साझा नहीं करें। ये स्कैम के तरीके हो सकते हैं।

कोई सरकारी एजेंसी पुलिस, सीबीआई, ईडी आदि वीडियो या वॉयस कॉल्स के माध्यम से आपकी जांच या गिरफ्तारी नहीं कर सकती। टीआरएआई या टेलीकॉम विभाग के नाम पर आने वाली कॉल्स पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने से बचें। संवेदनशील लेन-देन जैसे बैंकिंग, कानून, स्वास्थ्य संबंधित जानकारी इत्यादि के लिए सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग करने से बचे।

## टीकम चंद होंगे सम्मानित

**अजमेर।** उत्तर पश्चिम रेलवे प्रधान कार्यालय मे सोशल मीडिया कोर्डिनेटर पद पर कार्यरत टीकम चंद को विशिष्ट सेवा के लिए 27 फरवरी को आयोजित रेल सप्ताह समारोह में महाप्रबंधक अमिताभ द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

अजमेर के मूल निवासी टीकम मूल रूप से वरिष्ठ अनुभाग अभियंता डीजल के पद पर डीजल लोकोमोटिव शेड भगत की कोठी जोधपुर में कार्यरत थे। उन्हें उनकी प्रतिभा को देखते हुए 2 वर्ष पूर्व प्रधान कार्यालय जनसंपर्क विभाग में सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर के पद पर पदस्थापित किया गया। टीकम के अथक मेहनत एवं परिश्रम से उत्तर पश्चिम रेलवे के सोशल मीडिया फेसबुक एवं ट्विटर पर लाखों फॉलोअर हो गए हैं, साथ हे इंस्टाग्राम एवं यूट्यूब पर भी फॉलोअर की संख्या लगातार बढ़ती गई है। टीकम रेलवे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जहां एक और रेलवे के दिन प्रतिदिन दिन की जानकारी आम लोगों से साझा करते हैं वहीं दूसरी ओर रोचक प्रश्नावली रेल संबंधित महत्वपूर्ण ऐतिहासिक जानकारी देने के साथ ही सम्मानित रेल यात्रियों की शिकायतें दूर करने के लिए ट्विटर सेल के संचालन में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी वहन कर रहे हैं।

## देवनानी ने किया विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

**अजमेर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को शहर में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अजमेर के विकास के लिए योजनाबद्ध रूप से काम किया जा रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को ग्राम लोहागल एवं ग्राम काजीपुरा में सड़क निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया। इनकी लागत 35 लाख रूपये से अधिक है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि अजमेर के विकास के लिए योजनाबद्ध रूप से काम किया जा रहा है। इसी के अनुरूप काम हो रहा है। चिकित्सा के क्षेत्र में अजमेर राजस्थान का बड़ा हब बनेगा। इसी तरह आयुर्वेद विश्वविद्यालय, खेल अकेडमी, स्पोर्ट्स कॉलेज, आईटी पार्क एवं अन्य विकास कार्य अजमेर के नए मील के पत्थर बनेंगे। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा के तहत 24 करोड़ की राशि से नालों का निर्माण जल्द शुरू होगा। जिसकी टेंडर फरवरी के दूसरे सप्ताह में खुल जाएंगे। इसके अलावा निगम और प्राधिकरण की ओर से भी 11 करोड़ की लागत से नालों का निर्माण करवाया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने ग्राम लोहागल स्थित देवनगर के कल्याण राव के मकान से राजू गुर्जर के मकान तक राशि 7 लाख रूपए की लागत से सड़क निर्माण, देवनगर में मुख्य सड़क से मुकेश जी जैमन के मकान तक राशि 4.68 लाख रूपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य, संत कबीर नगर गली नम्बर एक में राशि 9.97 लाख रूपए के सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसी प्रकार ग्राम काजीपुरा में बायली प्रभू के मकान से रणजीत जी के मकान तक लागत राशि 9.65 लाख रूपए के सड़क निर्माण कार्य, अजयसर मार्ग गोपाल के मकान वाली गली में लागत राशि 4.25 लाख रूपए के सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य लोकेंद्र सिंह, हरि गुर्जर, भगवान सिंह रावत, संजय चौहान, अजीत सिंह खंगारोत, छगन सिंह, ग्राम काजीपुरा में कल्याण सिंह, वीनू सिंह रावत, सरपंच लाल सिंह रावत गुलाब सिंह रावत शक्ति सिंह कच्छवाहा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आंदोलन 40 वे दिन भी अनवरत जारी

**शाहपुरा ।** जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर जांगिड़ समाज के सदस्य सचिव जांगिड़ समाज विकास समिति शाहपुरा रामनारायण जांगिड़ के नेतृत्व में त्रिमूर्ति चौराहे से शांतिपूर्ण जन आक्रोश रैली निकालते हुए हाथों में काले झंडे लेकर नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचकर शाहपुरा जिले को समाप्त करने के विरोध में प्रदर्शन किया और सरकार से शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देने की मांग की।

जांगिड़ समाज विकास समिति शाहपुरा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र जांगिड़ नवयुवक मंडल संयोजक देवेंद्र कुमार रमेश सुथार रमेश जांगिड़ कैलाशचंद्र सोजी राम जांगिड़ भेरूलाल जांगिड़ राकेश जांगिड़ छोटू लाल जांगिड़ टोनु जांगिड़ महावीर सुथार श्यामलाल सुथार मुकेश कुमार जांगिड़ रामस्वरूप जांगिड़ सहित कई समाज जन कर्मिक अनशन धरने पर बैठे और उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम शाहपुरा जिला बहाल करने का ज्ञापन दिया।

# केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री चौधरी करेंगे जिले में विकास कार्यों की समीक्षा

■ **जिले के विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे**

**अजमेर ।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी बुधवार को जिले के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। वे जिला परिषद सभागार में होने वाली जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, विधायक अनिता भदेल, शत्रुघ्न गौतम, शंकर सिंह, वीरेन्द्र कानावत, रामस्वरूप लाम्बा, विकास चौधरी, जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा, नगर निगम की मेयर ब्रजलता हाडा सहित नगरीय निकायों के चेयरमेन एवं पंचायत समितियों के प्रधानों को भी आमंत्रित किया गया हैं।

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली दिशा की बैठक में सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), दीन दयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान तथा सांसद आदर्श ग्राम योजना पर विस्तार से चर्चा होगी।

इसी तरह बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, परम्परागत कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि अवसंरचना निधि योजनाएं, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी योजना, कृषि क्लिनिक और कृषि व्यवसाय केन्द्र योजना, किसान कॉल सेंटर एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-प्रति बूंद अधिक फसल की समीक्षा होगी।

इसी तरह सांसद चौधरी की अध्यक्षता में पंचायती राज मंत्रालय की गांवों की आबादी का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व) एवं राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के साथ-साथ आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय की अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन 20 (अमृत 2.0), प्रधानमंत्री आवास योजना (सभी के लिए शहरी - आवास), स्वच्छ भारत मिशन- शहरी (एसबीएम - यू) एवं स्मार्ट सिटी मिशन विचार विमर्श होगा। इसी तरह जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय की कमाण्ड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन कार्यक्रम, त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम, जल निकायों की मरम्मत, नवीनीकरण और पुनरुद्धार एवं सतही लघु सिंचाई की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय गोकुल मिशन एवं डेयरी विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एकीकृत बाल विकास योजना, बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं महिला संरक्षण एवं सुरक्षा योजना की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के साथ-साथ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण 1.0, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण 2.0 एवं जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

# भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई

**शाहपुरा ।** जांगिड़ समाज विकास समिति व नवयुवक मंडल शाहपुरा के तत्वाधान में जांगिड़ समाज छात्रावास में भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती का आयोजन संपन्न हुआ आयोजन का प्रारंभ शिवजी निपजवाल के मुख्य आतिथ्य व सत्यनारायण जी मामोडिया की अध्यक्षता भंवर ककरोलिया सत्यनारायण बुढेतिया शंकर रामसुख बारवा के विशिष्ट आतिथ्य में प्रारंभ हुआ सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा जी की आरती एवं पूजा की गई तत्पश्चात समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी इस अवसर पर बालक व बालिकाओं ने गीत नृत्य और कविताएं प्रस्तुत की सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच-बीच प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया समाज की 93 प्रतिभाओं को पुरस्कार दिए गए जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ उपलब्धि प्राप्त की उनको मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया सभी अतिथियों ने समाज के बच्चों को भविष्य में अधिक अंक लाने और परीक्षाओं में सफल होने की



जांगिड़ समाज विकास समिति व नवयुवक मंडल शाहपुरा के तत्वाधान में जांगिड़ समाज छात्रावास में भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती का आयोजन संपन्न हुआ ।

शुभकामनाएं प्रदान की इस अवसर पर समाज के प्रबुद्ध जनों ने अपना उद्बोधन प्रदान किया इस अवसर पर समाज के कार्यकर्ता सुरेंद्र राजेंद्र सुरेश श्यामलाल छोटू लाल अशोक धनेरवा देवेंद्र दिनेश पवन रामस्वरूप शंकर राकेश आदि ने सहयोग दिया कार्यक्रम का संचालन कैलाश जांगिड़ एवं अरविंद सुथार ने किया सभी समाजजन कार्यक्रम के अंत में स्नेह भोज में सम्मिलित हुए विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर शोभा यात्रा निरस्त करके प्रात: समाज के लोगों ने एकत्रित होकर त्रिमूर्ति स्थल से उपखंड अधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च किया एवं जिला बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले धरना दिया आज सफल आयोजन के लिए जांगिड़ विकास समिति शाहपुरा के अध्यक्ष कैलाश जांगिड़ ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## प्रशासन को ज्ञापन दिया

**मसूदा।** जिलाकलेक्टर ,मसूदा उपखंड अधिकारी ,तहसीलदार एवं मसूदा नगर पालिका ईओ को ठामीणों एक लिखित शिकायत दर्ज कराई जिसमें उन्होंने बताया कि हम समस्त ठामवासी मसूदा तहसील मसूदा जिला ब्यावर, राजस्थान के रहने वाले है जिन्होंने मांग करते बताया है कि राजस्व ठाम मसूदा द्वितीय (मसूदा) पटवार हल्का मसूदा द्वितीय तहसील मसूदा जिला ब्यावर के गोपाल सागर (प्राचिन तालाब/बान्दोला) के पुर्ण भराव होने के बाद उक्त बान्दोला तालाब का पानी तत्कालिन खसरा संख्या 5403/ 4412. 5402/ 4412 में से होकर आव के द्वारा लालावास तालाब में मिलता है। उक्त खसरा संख्या में से होकर आव बरसो पुरानी निकली हुई है। उक्त आव को वर्तमान खातेदारो एवं अजीत चीता के द्वारा मिलकर बंद कर दिया गया है एवं आव के रास्ते में मिट्टी, मलबा डाला जा रहा है जिससे आव पुरी तरह बन्द हो गई है। उक्त जमीने नहर की जमीने है जहां बारिश के दिनो में पुरी तरह पानी भरा रहता है।

## सार-समाचार

### 1 लाख का नकद पुरस्कार मिला

**भीलवाड़ा ।** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा इंडियन बैंक के सहयोग से खेलेगा भीलवाड़ा - जीतेगा भीलवाड़ा थीम पर 3 फरवरी से 9 फरवरी तक 70 वार्डों के बीच स्थानीय चित्रकूट धाम के बास्केट बॉल स्टेडियम में आयोजित खेलो कबड्डी प्रतियोगिता के तहत आयोजित फाइनल मुकाबले में सांगानेर के वार्ड 56 ने हरनी क्षेत्र के वार्ड 26 को शिकस्त देकर विजेता का ताज अपने नाम किया। विजेता वार्ड 56 को विजेता ट्रॉफी के साथ एक लाख रुपए का पुरस्कार और उपविजेता वार्ड 26 को उपविजेता ट्रॉफी के साथ 51 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही लीग मुकाबलों में पहुंचे वार्ड 2, 3, 4, 36, 55, 64 को 11 हजार का नकद पुरस्कार, वार्ड 56 से ही बेस्ट रेडर हिमांशु पाराशर एवं बेस्ट डिफेंडर सागर सामरिया को भी 11 हजार रुपए के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू थे। अध्यक्षता महापौर राकेश पाठक ने की। विशिष्ट अतिथि प्रशिक्षु आईएएस भरत मीणा, महिमा, एडीएम ओमप्रकाश मेहरा, एसडीएम दिग्विजय सिंह, उपमहापौर रामनाथ योगी, इंडियन बैंक जोनल मैनेजर सुमन कुमार, ब्रांच मैनेजर किरण सामरिया, आयुक्त हेमाराम चौधरी रहे। वहीं पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व न्यास अध्यक्ष एल एन डाड, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार आंचलिया ने खिलाड़ियों का सेमीफाइनल मैचों में पहुंच उत्साहवर्धन किया। मीडिया संयोजक अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में समारोह को संबोधित करते हुए नगर निगम को इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि जिला प्रशासन भी पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देगा। इससे भीलवाड़ा की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर आगे आने के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। महापौर राकेश पाठक ने कहा कि खेलो कबड्डी प्रतियोगिता भीलवाड़ा के इतिहास का यादगार आयोजन बन गया है। भीलवाड़ा शहर के आमजन के हैप्पीनेस लेवल को बढ़ाने के लिए नगर निगम ने यह सफल प्रयास किया है। संयोजक मुकेश शर्मा ने सभी अतिथियों का मुकाबलों से पूर्व खिलाड़ियों का परिचय कराया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर निगम पार्षद, कर्मचारी गण, तकनीकी टीम सहित हजारों खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### राजेश पायलट की जयंती मनाई

**मसूदा ।** ग्राम देवमाली में सोमवार को ब्लॉक कांठोस कमेटी के तत्वावधान में देश के पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान नेता स्व. राजेश पायलट की जयंती पर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर जयंती मनाई इस दौरान ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष एडवोकेट सलीम बाबू ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय राजेश पायलट वायुसेना में अपनी सेवा देने से लेकर राजनीति के सफर तक, उनके जीवन का प्रत्येक अध्याय राष्ट्रसेवा एवं जनकल्याण के प्रति समर्पित रहा। वह किसानों और युवाओं के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिये वे हमेशा संकल्पित रहे।उनकी स्मृतियां और आदर्श सदैव जनसेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती रही है। इस दौरान पूर्व सरपंच मादुराम गुर्जर ने कहा कि स्वर्गीय राजेश पायलट कहा करते थे कि जब तक गरीब किसानों मजदूरों के बच्चे पढ़ लिख कर उन कुर्सियों पर नहीं बैठेंगे जो देश की नीतियों को क्रियान्वित करती है तब तक देश की तरक्की संभव नहीं है इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष इकबाल मंसूरी, सदीक मोहम्मद कुरैशी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रवीण सिंह, विमल चन्द रांका, सुखराज गुर्जर संगठन महासचिव भागचंद सोनी, सेवा दल हरिप्रसाद प्रजापति, राजू गुर्जर, पप्पू राज काठात,रघुनाथ गुर्जर, नाथू गुर्जर श्योजी गुर्जर ,रामदेव गुर्जर ,प्रभु गुर्जर, गोपाल गुर्जर, सफी मोहम्मद सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### कलेक्टर को सौंपा गया

**भीलवाड़ा।** संविधान बचाओं संघर्ष समिति, अम्बेडकर विचार मंच, रेगर महासभा, बैरवा महासभा, खटीक समाज सहित सर्वसमाज की संस्थाओं द्वारा प्रयागराज (कुंभ स्नान) हेतु जाने वाले राजस्थान के भीलवाड़ा जिले की माण्डलगढ़ तहसील के बड़लियास, फलासियां व मुकुंदपुरिया ठामों के 8 युवाओं की 6 फरवरी को जयपुर में दूदू के पास सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौके पर ही मृत्यु होने पर, सरकार द्वारा आर्थिक मुआवना 25-25 लाख रुपए एवं सरकारी नौकरी दिलाई जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मोतीलाल सिंघानिया ने बताया कि 6 फरवरी को राज्य के भीलवाड़ा जिले के माण्डलगढ़ तहसील के बड़लियास, फलासिया व मुकुंदपुरिया गांवों के 8 युवा जो आपस में मित्र थे, एक ईको गाड़ी द्वारा बड़लियास भीलवाड़ा से प्रयागराज (कुंभ स्नान) हेतु जा रहे थे कि अचानक जयपुर के पास एनएच-48 पर बिम्बोरियों के ढाणी थाना मौखमपुरा में एक रोड़वेज बस व ईको कार की दर्दनाक दुर्घटना हो गई, जिसमें आठों (8) व्यक्तियों (सूची संलग्न) की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी, दूदू (जयपुर) मोर्चरी रूप में पोस्टमार्टम करा रात्रि में ही लाशों को बड़लियास (भीलवाड़ा) लाकर 07 फरवरी को प्रात: जिला कलेक्टर भीलवाड़ा की उपस्थिति में तीन अलग-अलग जगह अंतिम संस्कार किया गया था। मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता एवं परिवारों के लालन-पालन हेतु सरकारी नौकरी/संविदा पर किसी प्रकार की कोई सहायता राशि प्रदान नहीं करने से आम आदमी में भारी रोष व्याप्त है ।

### न्याय की गुहार लगाई

**मदनगंज-किशनगढ़ ।** ससुराल वालों के जुल्म से आहत होकर विवाहिता ने अदालत की शरण में जाकर न्याय की गुहार लगाई है। न्यायालय ने पति सहित ससुराल पक्ष के लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। रलावता निवासी प्रेम देवी ने एडवोकेट रुपेश शर्मा व मुकेश शर्मा के जरिये अदालत में परिवाद प्रस्तुत कर बताया की विगत 14 मई 2016 को मालियों की बाड़ी निवासी गिरधारी माली के संग विवाह हुआ था। विवाह के बाद पति गिरधारी दहेज के लिये प्रताड़ित कर शराब पीकर मारपीट करने लगा, समझाईस के कई दौर होने के बावजूद कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं सके। करीब नो दिन पहले एक लाख रूपये देने से इंकार करने पर पति गिरधारी माली, ससुर मंगल, सास सुगनी, देवर मनीष, ननद सरोज, बंटी देवी, विनीता ने एक राय होकर पीड़िता के साथ मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किया। न्यायालय ने एडवोकेट रुपेश शर्मा व मुकेश शर्मा के तर्कों से सहमत होते हुए किशनगढ़ थाना पुलिस को उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ जांच कर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

### मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

**विजयनगर ।** सिद्धार्थ कॉलोनी स्थित सेन मंदिर में आयोजित दो दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धार्मिक आयोजन के साथ संपन्न हुआ।मंदिर परिसर में अभिजीत मुहूर्त में सेन जी महाराज, नारायणी माता जी, शिव परिवार ,हनुमान जी, और गुरुड भगवान की वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई । शुभ मुर्हुत में सेन मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना एवं ध्वजा चढ़ाई गई । आयोजित कार्यक्रम में समाज के भामाशाह एवं वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया कार्यक्रम में पालिका उपाध्यक्ष प्रीतम बडोला भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल बोहरा दौलतराम माणकचांदनी प्रेमचंद सेन सेन समाज अध्यक्ष नवीन कुमार सेन प्रहलाद सेन बाबूलाल सेन शंभू लाल सेन दुष्यंत सेन रतन लाल सेन संजय कुमार सेन महेश सेन बाबूलाल सेन महावीर सेन गोविंद प्रसाद सेन गणपत लाल सेन घेवरचंद सेन सत्यनारायण सेन दीपक सेन राजेंद्र सेन संपत लाल सेन भंवरलाल सेन मिट्ठू लाल सेन सहित आसपास के क्षेत्र समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए इस अवसर पर महाप्रसादी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन लोकेश वर्मा ने किया ।

### जीएसटी पर सेमिनार

**ब्यावर,** (निस) ब्यावर चैप्टर ऑफ कोस्ट अकाउंटेंट्स द्वारा सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ब्यावर में ''यूनियन बजट एवं जीएसटी'' पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चैयरमेन सीएमए मंदीप सिंह ने बताया कि इसके अंतर्गत पेशेवरों, व्यापारियों और उद्यिमयों को वित्तीय नीतियों एवं कर प्रणाली की गहन समझ प्रदान की गई। इसमें बजट और वित्तीय योजनाएँ - समझें और बढ़ें के अंतर्गत बजट नीतियों और वित्तीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई जिससे सतत आर्थिक विकास में सहयोग करना था। फाउंडर चैयरमेन सीएमए रूपेश जैन ने बताया कि जीएसटी और व्यापार - समस्याएँ व समाधान में जीएसटी से जुड़ी जटिलताओं को समझाया गया और व्यापार में आने वाली चुनौतियों के व्यावहारिक समाधान भी सुझाए गए।

### योग ध्यान शिविर शुरू

**भीलवाड़ा।** द आर्ट ऑफ लीविंग संस्था भीलवाड़ा द्वारा जिला कारागृह भीलवाड़ा में जीवन जीने की कला को एवं स्वस्थ रहने हेतु योग ध्यान के महत्व को कैदियों तक पहुंचाने हेतु 7 दिवसीय ध्यान योग शिविर का आयोजन 10 फरवरी 2025 सोमवार से आयोजित किया गया।